कृषि विश्वविद्यालय, कोटा
कुलगीत

ज्ञान शोध को वृहद् बनाता
नव पीढ़ी में ज्योत जगाता
नई चेतना नव ऊर्जा से
कृषि जगत में नाम कमाता
कोटा कृषि विश्वविद्यालय ....(1)

मुकुन्दरा की रत्न धरा को
चम्बल हरित करे
कृषि क्रान्ति की जला मशालें
जन कल्याण करे
धरती से अम्बर तक
चहुंदिशा सुरभित ये करे
कोटा कृषि विश्वविद्यालय ...... (2)

कृषि ज्ञान का कर प्रचार ये
कृषकों को समृद्ध बनाता
नई तकनीक नवाचारों से
धरती को है स्वर्ग बनाता
कर प्रकृति का संरक्षण ये
खुशहाली फैलाता
कोटा कृषि विश्वविद्यालय ...... (3)

कृषि मित्कृषस्द
कृषि मित्कृषस्द
कृषि मित्कृषस्द

इसके साथ कुलगीत वादन का वीडियो प्रारुप संलग्न है।

कुलगीत का आदर्श (प्रोटोकॉल) निम्नानुसार होगाः

1. विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की इकाईयों में विभिन्न उत्सवों/कार्यक्रमों के प्रारम्भ में कुलगीत का वादन किया जायेगा।
2. कुलगीत के वादन के समय मंच, दर्शकों एवं समस्त उपस्थित व्यक्तियों के द्वारा किसी भी प्रकार की गतिविधि प्रतिबन्धित रहेगी।
3. कुलगीत का वादन राष्ट्रगान के तुरन्त बाद किया जायेगा।
4. विश्वविद्यालय की अन्य गतिविधियों यथा मेले, खेलकूद आदि एवं रिंगटोन के रुप में कुलगीत के वादन पर कोई प्रतिबन्ध नहीं रहेगा।